नवभारत टाइम्स, गुड़गांव, बुधवार, 29 जनवरी 2020

'सुरक्षा मानक कितना अपना रहे हैं स्कूल, होगी इसकी जांच'

प्राइवेट स्कूल संचालकों के साथ उपायुक्त ने की बैठक

■ एनबीटी न्यूज, गुड़गांव

सेक्टर-45 के डीपीएस में उपायुक्त अमित खत्री ने मीटिंग की

सेक्टर-45 के डीपीएस में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत मंगलवार को निजी स्कूलों के प्रिंसिपल और प्रबंधकों की बैठक हुई। यहां उपायुक्त अमित खत्री ने कहा कि स्कूल परिसरों के साथ स्कूल बसों में छात्रों की सुरक्षा मुख्य है। लापरवाही बरतने वाले स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा मानकों को लेकर जिला प्रशासन गेमिंग मॉडल अपनाते हुए प्राइवेट स्कूलों की रैंकिंग करेगा। सुरक्षा ऑडिट में बच्चों के लिए अच्छे सुरक्षा प्रबंध करने वाले स्कूलों की प्रशंसा होगी। वहीं सुरक्षा मानकों को लागू नहीं करने वाले स्कूलों का नाम सार्वजनिक करते हुए उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रशासन इस मामले में 'नेमिंग एंड शेमिंग' का फॉर्मूला अपनाएगा।

बैठक में निजी स्कूलों की सेफ्टी ऑडिट करने वाली टीम के सदस्यों गिरिश और दिव्या वैष्णव ने स्कूल परिसरों और स्कूल बसों में छात्रों की सुरक्षा में पाई गई कमियों के बारे में बताया। गिरीश रोड सेफ्टी ऑफिसर हैं और दिव्या बड फाउंडेशन से जुड़ी हुई है और गुड़गांव पुलिस के साथ कंसल्टेंट के तौर पर काम कर रही है। दिव्या ने पॉक्सो एक्ट और यौन अपराधों के बारे में बैठक में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में छात्रों की सुरक्षा से जुड़े कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया है। वहीं निजी स्कूलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे कैजुअल अप्रोच न अपनाएं। मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन समेत, अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रेमलता यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner